हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 7 मई 2024

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 30.5 डिग्री

3 खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार, लक्ष्मण झूला से...



8 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी...



# पीएससी ने दोबारा खोले मेंस के लिए आवेदन, सिर्फ एक बार सुधार सकेंगे गलती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग ने मुख्य परीक्षाओं के लिए आवेदन पोर्टल दोबारा खोल दिए हैं। पीएससी के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कई कैंडिडेट्स मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर सके हैं। उनके द्वारा पोर्टल पुनः खोलने के लिए खत लिखा गया था। इसके आधार पर ही आवेदन पोर्टल दोबारा खोला गया है। कैंडिडेट्स अब मुख्य सेवा परीक्षाओं के लिए 8 और 9 मई को फिर से आवेदन कर सकेंगे। इन तिथियों में आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को त्रुटि सुधार का मौका इन्हीं तिथियों में वे मिलेगा। वे अपने आवेदन में मात्र एक बार ही सुधार कर सकेंगे।

गौरतलब है कि पीएससी द्वारा 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर भर्ती निकाली गई थी। इसके लिए प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को 28 जिला मुख्यालयों में आयोजित की गई थी। मुख्य सेवा परीक्षा के लिए क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स से 2 अप्रैल से 2 मई की रात्रि 11.59 तक आवेदन मांगे गए थे। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन करने से चूक गए हैं। उन्हें देखते हुए ही तारीखों में ये वृद्धि की गई है।

खास खबर

### शेड्यूल जारी

लोक सेवा आयोग द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा-2023 के लिए शेड्यूल बीते सप्ताह ही जारी किया गया है। परीक्षाएं 24 जून से प्रारंभ होकर 27 जून तक चलेंगी। 2 पालियों में परीक्षाएं होंगी। प्रवेश पत्र परीक्षा के 10 दिनों पूर्व जारी किए जाएंगे। मुख्य सेवा परीक्षा रायपुर सहित पांच जिला मुख्यालयों बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और दुर्ग-भिलाई में आयोजित होगी। पुनः आवेदन सहित अन्य तरह की जानकारियां पीएससी ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।

## बीते सप्ताह जारी किया गया था मेंस शेड्यूल, 24 जून से हैं परीक्षाएं

- पीएससी ने कहा- अभ्यर्थियों के आवेदन पर फैसला
- 8 और 9 मई को फिर से कर सकेंगे आवेदन



### चुनाव के बाद जारी हो सकते हैं कैलेंडर

यूपीएससी की तर्ज पर लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष भर के लिए शैक्षणिक कैलेंडर तैयार किया जा रहा है। इसमें पीएससी द्वारा पूरे वर्ष ली जाने वाली परीक्षाओं का जिक्र रहेगा। आयोग ने विभिन्न विभागों को खत लिखकर उनके यहां रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। इसके आधार पर कैलेंडर तैयार होगा। सूत्रों के अनुसार, पीएससी द्वारा इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। चुनाव के बाद आचार संहिता हटने पश्चात इसे जारी किया जा सकता है।

# तपती गर्मी में नीबू-ओआरएस पानी पीकर बूथों के लिए रवाना हुए मतदान दल, बसें रहीं हाउसफुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव कराने के लिए सोमवार को मतदान दलों को ईवीएम मशीनों सहित अन्य चुनाव सामग्री लेकर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान दलों को शहर के सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर और बीटीआई ग्राउंड चुनाव सामग्री वितरण केंद्रों से बसों के जरिए रवाना किया गया। चुनाव सामग्री वितरण के दौरान सेजबहार और बीटीआई ग्राउंड केंद्र में गहमागहमी का माहौल रहा, लेकिन इस बीच मतदान दलों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह भी दिखा। इसका कारण चुनाव सामग्री वितरण केंद्रों में मतदान दलों के लिए की गई विशेष व्यवस्था थी। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने वितरण केंद्रों में मतदान दलों के लिए जहां पेयजल के अलावा नीबू पानी, ओआरएस पानी की व्यवस्था की गई थी, वहीं वितरण ⏭ शेष पेज 5 पर

## चुनाव सामग्री वितरण के दौरान केंद्र में रहा गहमागहमी का माहौल

### मतदान दलों की रवाना करने में लग गए 8 घंटे से अधिक समय

जिला प्रशासन ने मतदान दलों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने सुबह 7 बजे चुनाव वितरण केंद्रों में बुलाया गया था। इसके लिए प्रशासन ने बसों की व्यवस्था भी की थी। बसों के अलावा कई कर्मचारी अपने साधन से भी बीटीआई और सेजबहार पहुंचे थे। विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा के लिए भी बीटीआई ग्राउंड से धरसींवा, रायपुर उत्तर और रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को रवाना किया, वहीं रायपुर ग्रामीण, रायपुर दक्षिण, अभनपुर एवं आरंग विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के लिए सेजबहार से मतदान दलों को रवाना किया गया।

### एक मतदान दल में 5-6 सदस्य

एक मतदान दल में 5-6 सदस्य शामिल किया है, जिसमें पीठासीन अधिकारी के साथ 3 मतदान कर्मी एवं दो पुलिस जवान शामिल हैं। इसके अलावा मतदान दल की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी प्रत्येक मतदान दल के साथ रवाना हुए।



### दिव्यांग मतदान दलों के लिए विशेष बसें, गुब्बारों से सजाया गया



मतदान केंद्रों में इस बार दिव्यांग कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। प्रशासन ने दिव्यांग कर्मियों को सुविधा का ध्यान रखते हुए चुनाव सामग्री के साथ मतदान केंद्रों तक छोड़ने व लाने के लिए बसों की अलग से व्यवस्था की गई थी, साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों का उत्साह वर्धन के लिए इन बसों को विशेष रूप से गुब्बारों से सजाया भी गया था।

### ये प्रत्याशी मैदान में

भाजपा से बृजमोहन अग्रवाल, कांग्रेस से विकास उपाध्याय, राईट टू रिकॉल पार्टी से अनिल महोबिया, भ्रष्टाचार मुक्ति पार्टी से मो. अमिन को टायर, आप सबकी अपनी पार्टी से आशीष कुमार तिवारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से दयाशंकर निषाद, धूं सेना से नीरज सैनी पुजारी, आजाद समाज पार्टी (कांशी) से पितांबर जांगड़े, सुंदर समाज पार्टी पीलाराम अनंत, भारतीय बहुजन कांग्रेस से भंजन जांगड़े, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से याशुतोष लहरे, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से लखमू राम टंडन, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से इंजी लाल बहादुर यादव, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) से विश्वजीत हरोडे, शक्ति सेना (भारत देष) से सविता शैलेन्द्र बंजारे, हमर राज पार्टी से सुरेश कुमार नेताम, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से ⏭ शेष पेज 5 पर

# जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने 18 केंद्रीय सुरक्षाबल, सात सीएएफ की कंपनी के साथ पुलिस जवान तैनात

- 137 पेट्रोलिंग पार्टी जिले में पेट्रोलिंग करेगी
- 844 केंद्रों पर 1907 पोलिंग बूथ में मतदाता मतदान करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


लोकसभा चुनाव के लिए आज मतदान होना है। शांतिपूर्ण मतदान कराने 18 सीआरपीएफ, सीमा सुरक्षाबल की कंपनी तैनात की गई है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स की सात कंपनी सहित 1995 पुलिस के अलावा होमगार्ड, फॉरेस्ट गार्ड तथा कोटवार की तैनाती की गई है। पुलिस के अलावा केंद्रीय बलों की तैनाती मतदान के एक दिन पूर्व ही कर दी गई है। चुनाव में सुरक्षा तैयारियों को लेकर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी संतोष सिंह नजर रख रहे हैं। एसएसपी के मुताबिक पांच पुलिस नाके बनाकर बाहर से आने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। इसके अलावा जिला निर्वाचन की टीम के साथ जिला पुलिस बल व ⏭ शेष पेज 5 पर

### एक दिन पूर्व 90 पेट्रोलिंग के साथ 16 एडी पार्टी

शांति पूर्ण मतदान कराने हेतु वोटिंग दिन के एक दिन पूर्व सभी थाना क्षेत्रों में दो से तीन पेट्रोलिंग पार्टी कुल लगभग 90 पेट्रोलिंग पार्टी लगाने के साथ ही 16 एडी पार्टी लगायी गयी है। साथ ही जिले में पांच एएसपी तथा 13 सीएसपी के साथ दो-दो अन्य पेट्रोलिंग पार्टी अलग से लगायी गयी है। पेट्रोलिंग पार्टी को वायरलेस सेट से आपस में संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम भूपेश बने रायबरेली लोकसभा के सीनियर ऑब्जर्वर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पार्टी आलाकमान ने एक बार फिर बड़ा भरोसा जताया है। पार्टी नेतृत्व ने रायबरेली लोकसभा सीट की कमान भूपेश बघेल को सौंपी है। उन्हें रायबरेली सीट का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी मैदान पर उतरे हैं। रायबरेली लोकसभा सीट पर राहुल गांधी का नाम फाइनल होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

### चंद्राकर बोले-कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता निभाने लड़ रही चुनाव

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा, भाजपा प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर अपनी विजय पताका फहराएगी। जहां तक कांग्रेस का सवाल है, तो कांग्रेस सिर्फ औपचारिकता निभाने के लिए



चुनाव लड़ रही है। श्री चंद्राकर ने कहा, हमने भविष्य के भारत का एक रोड मैप जनता के सामने प्रस्तुत किया है। कांग्रेस सिर्फ दिशा हीन होकर विरोध की राजनीति कर रही है, कांग्रेस में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस में न कोई नेता है और न ही कोई नीति है। कांग्रेस के कार्यकर्ता कोई कार्य नहीं कर रहे हैं और अधिकांश नेता कांग्रेस त्यागकर भाजपा में आ रहे हैं, जहां एक मजबूत भारत का निर्माण होगा। श्री चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए घूम-फिरकर तीन-चार मुद्दों को लेकर ही झूठ फैला रही है। जातिगत जनगणना की बात करेंगे, वेल्थ-क्रियेटर को गाली देंगे, राम मंदिर का विरोध करेंगे। कांग्रेस की तरफ से इन्हीं विषयों को लेकर भाषण होता है। कांग्रेस आरक्षण खत्म करने का झूठ परोस रही है, जबकि किसी ने इस बारे में बात नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है, किसी का आरक्षण कभी खत्म नहीं होगा।

### अजय ने कहा-राधिका को कांग्रेस में नहीं मिला न्याय

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, राधिका खेड़ा को कांग्रेस में न्याय नहीं मिला है। वे अपमानित हुई हैं। उनके अपमान से छत्तीसगढ़ का सिर शर्म से झुक गया है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेसियों ने उनका अपमान किया इसलिए भाजपा की ओर आ रही हैं। उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा पर उन्होंने कहा, हर राष्ट्रवादी का भाजपा में स्वागत है।

### भीषण गर्मी- हीटवेव की आशंका से सरकार चिंतित, बचाव के लिए जारी हुआ निर्देश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी से राज्य सरकार भी चिंतित हो गई है। सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गर्मी से बचाव करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि इस संबंध में सरकार के सभी उच्च पदस्थ अधिकारियों, एक दर्जन विभागों, सभी जिलों के कलेक्टरों को इस पत्र भेजा गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए हीटवेव से बचाव के लिए जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें जिला, तहसील, ग्राम पंचायत, स्तर पर शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिव और कोटवारों के माध्यम से जनसमुदाय में जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार करें।

# सात लाख मतदाताओं को वोट करने घर-घर पीले चावल के साथ दिए गए आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने घर-घर जाकर मतदाताओं को हल्दी लगे पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र (पाती) देकर उन्हें मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डालने रायपुर जिले में अभियान चलाया गया।। इस अभियान के तहत कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी निशा मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर उनसे मतदान केंद्र जाकर मतदान करने की अपील की। इस अभियान के तहत जिलेभर में सात लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें आमंत्रण दिया है।

### पहली बार चलाया गया अभियान

लोकसभा चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत कार रैली, बाइक रैली सहित विभिन्न प्रकार के आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले में मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित करने घर-घर हल्दी लगे पीले चावल और आमंत्रण पत्र देने का अभियान चलाया है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में महिला व बाल विकास कार्यालय में पदस्थ महिलाओं के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महिला के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र जाकर वोट देने के लिए आमंत्रण पत्र दिया है।



फाइल फोटो

### आमंत्रण पत्र से बढ़ेगा वोटिंग का प्रतिशत

लोकसभा चुनाव में अक्सर देखा गया है कि मतदान का प्रतिशत कम होता। मतदाता वोट करने घर से नहीं निकलते है। हमारा प्रयास है कि इस बार के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो। इस दिशा में प्रयास करते हुए घर-घर मतदाता को आमंत्रण पत्र दिए गए हैं। जिलेभर में इस अभियान के तहत सात लाख मतदाताओं को आमंत्रण पत्र दिए गए हैं।

- डा. गौरव सिंह
कलेक्टर रायपुर

## रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न इलाकों में किया जनसंपर्क

# बृजमोहन ने घर-घर किया संपर्क, महिलाओं ने लगाया विजय तिलक, आरती उतारी







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव- 2024 के लिए आज मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं प्रत्याशियों ने भी प्रचार में अपनी ताकत झोंकी है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने मतदान से एक दिन पूर्व सोमवार को राजधानी के अनेक मोहल्लों में पहुंचकर घर-घर जनसंपर्क किया और वोट मांगे।

इस दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आपका एक सही निर्णय देश का भविष्य बन सकता है। आप सभी राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को वोट दें और केंद्र में नरेंद्र मोदीजी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें। श्री अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि वे पहली वोटिंग मशीन में पहले नंबर का बटन दबाकर भाजपा को अपना बहुमूल्य मत दें। उन्होंने सभी लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।



इस दौरान जगह-जगह महिलाओं ने बृजमोहन अग्रवाल की आरती उतारी और तिलक लगाकर उन्हें विजय का आशीर्वाद भी दिया।

### इन इलाकों में किया जनसंपर्क

सोमवार का जनसंपर्क अभियान दवा मार्केट, आकाशवाणी उत्कल बस्ती, कुंद्रा पारा, बैरन बाजार, काली बाड़ी चौक, नेहरू नगर, वीरभद्र नगर, पुजारी नगर, संतोषी नगर, उत्कल बस्ती, बीएसयूपी कॉलोनी मठपुरैना, बीएसयूपी भाटागांव, बीएसयूपी कॉलोनी चंगोराभाटा, सुंदर नगर, अश्विनी नगर, आदर्श नगर, शारदा चौक, साइंस कॉलेज के पास, छोटापारा में हुआ।

### हाईप्रोफाइल सीट रायपुर लोकसभा

रायपुर लोकसभा सीट प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल सीट है, जहां सबसे अधिक 38 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल भाजपा से प्रत्याशी हैं। प्रचार अभियान में प्रदेशभर में उनका कोई सानी नहीं है। उनका चुनाव प्रबंधन इतना तगड़ा होता है कि विरोधी भी उनके मैनेजमेंट का लोहा मानते हैं।

# ज्यादा मतदान कराने की कमान संभाली संगठन महामंत्री साय ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इस बार भाजपा ने सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति बनाई है। इसके लिए संगठन ने कई तरह की रणनीति बनाई है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान भी कराने की एक रणनीति है।



इसकी कमान संभालने का काम प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय ने संभाल रखी है। वे जहां प्रदेश भर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, कर्मचारियों से लेकर हर तरह के संगठनों के प्रमुखों से फोन पर बात कर रहे हैं और उनको मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इन संगठन के लोगों ने मेल मुलाकात भी की गई है। प्रदेश में तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। अंतिम चरण का चुनाव मंगलवार को हो रहा है। इसमें सात लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। भाजपा ने इस बार हर बूथ में ज्यादा मतदान की रणनीति बनाई है। इस रणनीति को पूरा करने के लिए प्रदेश में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने खुद जिम्मा उठाया है। उन्होंने इसके लिए संगठन स्तर पर तो पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के साथ काम किया ही है लेकिन सबसे अहम यह है कि उन्होंने इस बार अलग तरह की भूमिका भी निभाने का काम किया है।

- सामाजिक, व्यापारिक सहित हर तरह के संगठनों को फोन करने के साथ मेल मुलाकात भी की

### कर रहे मतदान करने के लिए प्रेरित

पवन साय ने ज्यादा मतदान कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। प्रदेश भर के हर तरह के संगठनों के प्रमुखों को उन्होंने खुद फोन करके उनसे अपने संगठन के लोगों के साथ ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। श्री साय संस्थानों के लोगों से मिले भी हैं और उनसे हर हाल में मतदान करने का आग्रह भी किया है।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए महाराष्ट्र मंडल ने लगाया जोर



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर रविवार की शाम 6 बजे एक साथ महाराष्ट्र मंडल के 500 से अधिक आजीवन सभासदों ने शहर के 12 व्यस्ततम इलाकों में जबरदस्त मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर रोहिणीपुरम केंद्र और डगनिया-सुंदरनगर केंद्र की महिलाओं ने क्रमशः गोल चौक और रायपुरा चौक पर मठा वितरित कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।

# अनुकंपा नियुक्त में 10 प्रतिशत पदों का बंधन सीएस ने मांगा लंबित मामलों का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है, लेकिन तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए 10 प्रतिशत पदों का सीमा बंधन भी लागू है। इसकी वजह से तृतीय श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्तियां मिलने में देर होती है।

इस मामले को लेकर मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष और अधीनस्थ कार्यालयों से यह जानकारी मंगाई है कि 10 प्रतिशत की सीमा होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं।अनुकंपा नियुक्ति का यह मामला दरअसल इसलिए सामने आया है कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक रिट पिटीशन मामले में एक आदेश पारित किया है। इस आदेश के पालन में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव को इस संबंध में निर्देश भेजे गए हैं।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार के सदस्य को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है। वर्तमा में अनुकंपा नियुक्त के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश 2013 के प्रावधान प्रचलित है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 अप्रैल को प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के लिए अपडेटेड निर्देश भी भेजे हैं। वर्तमान में सीधी भतऊी के तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत पदों की सीमा बंधन लागू है तथा अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थी के दौरान शासकीय सेवक का निधन होने पर उसके परिवार के आश्रित सदस्य को तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 25 प्रतिशत की सीमा है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए पदों की संख्या का कोई सीमाबंधन (सीलिंग) नहीं है।

### तत्काल करें प्रकरणों का निपटारा

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निपटारा तुरंत करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करें। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने शासन के सभी विभागों से अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी देने कहा है। विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों को यह जानकारी देनी है कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी के निम्नतम पदों जैसे सहायक ग्रेड- 3 वार्ड बॉय, वनरक्षक, पटवारी, पंजीयन लिपिक पर 10 प्रतिशत की सीलिंग के कारण कितने प्रकरण लंबित हैं।

### भाजपा के मतदान अभिकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

*रायपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने सोमवार को तेलीबांधा और शंकर नगर मंडल इकाइयों की बैठक ली, जिसमें मंगलवार को लोकसभा के तीसरे चरण के लिए होने जा रहे मतदान के लिए पार्टी के मतदान अभिकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया। प्रदेश की 7 लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर उत्तर विधानसभा के तेलीबांधा और शंकर नगर मंडल के अभिकर्ता मतदान के लिए अभी से पूरी तरह तैयार रहें। बैठक में श्री श्रीवास्तव ने मतदान अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वप्रथम मतदान अभिकर्ताओं को समय पर उपस्थित होकर अपने-अपने मतदान केंद्र में पहुंचने कहा गया है। साथ ही मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपने-अपने मंडल के एक-एक मतदाताओं के घरों में सीधे संपर्क करने एवं ज्यादा-से-ज्यादा मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। एक भी मतदाता मतदान करने से न चूके, इसके लिए भी मतदाताओं को यह निवेदन करना है कि यह उनका देश के प्रति एक महती दायित्व भी है। बैठक में प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, तेलीबांधा मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, शंकर नगर मंडल अध्यक्ष अनूप खेलकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी मौजूद थे।*

# साइकिल पर सिलेंडर रखकर किया जनसंपर्क, विकास ने मांगे वोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को होना है। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय साइकिल में सिलेंडर रखकर जनसंपर्क पर निकले। कांग्रेस भवन गांधी मैदान से युवा वोटर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ सड़कों पर पैदल चलकर लोगों से हाथ जोड़कर मतदान की अपील की। गांधी मैदान से निकले जो कोतवाली चौक मालवीय रोड जय स्तंभ चौक शारदा चौक तत्यापारा शक्ति बाजार सदर बाजार कोतवाली होते हुए कांग्रेस भवन गांधी मैदान में जनसंपर्क का समापन किया गया। फर्स्ट टाइम वोटरों को पहले मतदान फिर बाकी काम का संदेश भी दिया और भारत की लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान की अपील भी की। सिलेंडर पर यूपीए सरकार में मिल रहे 450 रुपए के सिलेंडर की कीमत एवं भाजपा सरकार में मिल रहे हैं 1100 रुपए सिलेंडर की कीमत को दर्शाया गया। विकास उपाध्याय ने कहा, आज देश में महंगाई आसमान छू रही है। केंद्र में पिछले 10 वर्षों से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व यह वादा किया था कि हम 100 दिनों में महंगाई को कम कर देंगे, लेकिन महंगाई को कम करने में विफल रही। युवा, महिला, किसान और श्रमिक भाजपा सरकार से काफी परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी ने इन सभी के लिए पांच न्याय और 25 गारंटी की घोषणा की है।

***ये थे मौजूद** : इस अवसर पर गिरीश दुबे, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, महेंद्र छाबड़ा, ज्ञानेश शर्मा, ममता राय, सुरेश ठाकुर, भोजकुमारी यद्गू, उत्तम साहू,कामरान अंसारी, संदीप तिवारी, विनोद तिवारी, सोनू शर्मा, राजेश चौबे, विमल गुप्ता, संतोष जैन, दिनेश ठाकुर, बंशी कन्नौजे, जी श्रीनिवास, अविनय दुबे आदि उपस्थित थे।*

## राधिका खेड़ा के मामले में सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरा

# भाजपा नेत्रियों ने कहा- महिला न्याय की बात करना कांग्रेस का एक नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राधिका खेड़ा के मामले में भाजपा नेत्रियों सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरते हुए तीखा हमला किया है। इनका साफ कहना है, कांग्रेस महिला न्याय के नाम पर महज नाटक के अलावा कुछ नहीं करती है। कांग्रेस की सच्चाई राधिका खेड़ा के मामले से सामने आ गई है।

सरोज पांडेय ने कहा, कांग्रेस ने लगातार महिलाओं के साथ अन्याय किया है। शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षों केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया था, तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं हैं, तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा। सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।



### कांग्रेस के अन्याय से महिलाओं में निराशा : भावना बोहरा

भाजपा विधायक भावना बोहरा ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार,उन्हें अपमानित करना इसका एक लंबा इतिहास है। एक महिला होने के नाते राधिका खेड़ा के बयान सुनकर आश्चर्चकित हूं। हम हमेशा महिलाओं, युवतियों के ये कहते हैं प्रोत्साहित करते है की उनके साथ अगर गलत हो रहा है तो जरूर बताएं यही काम राधिका खेड़ा ने किया है, अपनी आपबीती को बताया है। अगर उसकी आवाज को दबाया जाएगा,उसे न्याय नहीं मिलेगा तो पूरे देश की महिलाएं इससे निराश होगी।

### प्रियंका गांधी मौन क्यों : शालिनी राजपूत

भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा, कांग्रेस में लगातार महिलाओं का उत्पीड़न होता रहा है। जब-जब महिलाओं ने अपने हक की आवाज कांग्रेस ने उठाई है उनकी आवाज दबाने का प्रयास हुआ है, उन्हें अपमानित किया गया है। राधिका खेड़ा के साथ हुआ बर्ताव पूरी कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़े कर रहा है। लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लगाने वाली प्रियंका गांधी इस विषय पर मौन क्यों हैं।

### निर्वाचन सीईओ कंगाले से प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से सोमवार को राज्य के 2023 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती कंगाले ने भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों अनुपमा आनंद, एम. भार्गव, तन्मय खन्ना एवं दुर्गा प्रसाद अधिकारी को विस्तार से निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। श्रीमती कंगाले ने उन्हें बताया कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन आवश्यक है और चूंकि प्रशासनिक अधिकारियों को निर्वाचन संपन्न कराने का दायित्व मिलता है, अतएव इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने निर्वाचन के नियमों का समुचित ज्ञान, सजगता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन प्रक्रियाओं के पालन में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतते हुए सजग होकर कार्य करने से निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होता है।

7

20 हजार लोगों के लिए आधी रात....

## मेरा मत... मेरा चुनाव

### लोगों से पूर्ण मतदान का आग्रह



मेरा पहला वोट देश का भविष्य तय करेगा, इसलिए आज मैं अपना पहला वोट समर्थ भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत बनाने के लिए दूंगा और सभी लोगों से पूर्ण मतदान करने का आग्रह भी करूंगा।

- **अन्वित दीक्षित**, बीए प्रथम वर्ष

### 6 लाख लोग नहीं देते हैं वोट



रायपुर में 6 लाख से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मतदान करने नहीं जाते। सबकी अलग-अलग समस्याएं हैं, लेकिन एक बड़ा वर्ग ऐसा है जिनको लगता है कि उनके एक वोट से क्या होगा? ये वही लोग हैं, जो सरकार को दोष देते हैं और उनकी निंदा करते हैं। मतदाता केवल एक मतदाता ही नहीं, वह देश का भाग्यविधाता भी है।

-**प्रथम राव फुटाने**, बीबीए

### जरूरी है न्याय



मेरा पहला मतदान उसके लिए जो देश में सभी को बराबर न्याय दे। भारत की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मैं अपने मताधिकार का प्रयोग करूंगा।

-जीतेश नेताम, विधि छात्र

### महिला सुरक्षा प्राथमिकता



हजारों युवाओं की तरह मुझे भी इस वर्ष लोकसभा चुनाव में मतदान करने का अवसर मिला। यह मेरा पहला मतदान भारत के अगले सैकड़ों वर्षों का भविष्य तय करेगी, इसलिए मेरा पहला मतदान राष्ट्र हित में होगा। मेरा मतदान महिलाओं की सुरक्षा के लिए होगा।

-निशा नामदेव, बीकॉम

### बनी रहे अभिव्यक्ति की आजादी



मेरा पहला वोट देश के सैन्य बल को मजबूत बनाने के लिए और देश मे अभिव्यक्ति की आजादी बनाए रखने के लिए होगा। आज पहली बार वोट डालने जा रहा हूं और इसे लेकर उत्साहित भी हूं।

-चित्रगुप्त अनंत, बीएजेएमसी छात्र

### शिक्षा में विकास जरूरी



आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की मदद तथा युवाओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। जिस प्रकार स्कूल में किताबें मुफ्त में दी जाती है, उसी तरह से महाविद्यालय में भी आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए किताबें मुफ्त करनी चाहिए। इससे उन्हें पढ़ने में मदद मिलेगी। पहले जब अपने माता-पिता, बाबा दादी को वोट डालने देखा करता था तब लगता था कि कब वोट डाल पाऊंगा। आज वोट डालने का सपना पूरा होगा। - गौरव सिंह, स्टूडेंट

### देश में लड़कियों की सुरक्षा अहम मुद्दा



लोकसभा चुनाव में पहली बार आज वोट डालूंगी। युवाओं को मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर चुनाव में प्रत्याशी की जीत में अहम भूमिका निभानी चाहिए। अपना पहला वोट देश की तरक्की को ध्यान में रखते हुए दूंगी। सरकार से उम्मीद है कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चले। गरीबों की मदद करे।

- सुजाता साहू, स्टूडेंट

### युवाओं पर टिका देश का भविष्य



पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित हूं। युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। इसके लिए युवाओं को अपने वोट का प्रयोग करना भी जरूरी है। पहली बार सरकार बनाने में मेरी भी भागीदारी होगी। ऐसे प्रत्याशी को वोट दूंगा जिनकी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त हो और देश का विकास करने वाली हो। विभिन्न क्षेत्र में विकास जरूरी है। मतदान करने युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। - कुलदीप साहू, स्टूडेंट

### मेरा पहला मतदान कारगर हो जाए



चुनाव को लेकर इस बार उत्साह का माहौल है। पहले वोटिंग का अधिकार नहीं था। विधानसभा चुनाव से पहले नाम नहीं जुड़ने के कारण वोटिंग नहीं कर पाया था। पहली बार मतदान करते समय एक छात्र होने के नाते मैं यही चाहूंगा कि मेरा वोट जिसे भी जाए, वह प्रत्याशी जीतने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में शुरु किए गए कॉलेज की बुनियादी सुविधा बढ़ाएं। अगर ऐसा हुआ तो पहला मतदान कारगर हो जाएगा।

-राजीव वर्मा, बी.फार्मेसी

### ग्रामीण युवाओं को मिले सुविधा



उरकुरा में वर्षों से रह रहा हूं। हर बार चुनाव में प्रत्याशी वोट मांगने आते थे। उनको देखकर लगता था कि वोटिंग पावर है। इसे देखते हुए मतदान के लिए बेहतर सोच रही। यह अधिकार हमें देश का नागरिक बनाता है। व्यवस्था संचालन के लिए किसी को चुनने का अधिकार मिलता है। पहली बार वोट करते समय मेरी इच्छा रहेगी कि जो भी जीतकर आए, ग्रामीण युवाओं को खेल व योग की सुविधा दे।

- **निखिल साहू**, कॉलेज छात्र

### खेल व शिक्षा के लिए हो प्रयास



वोटिंग की अहमियत को समझ रहा हूं, पहले लोग इसे समझते भी नहीं थे। यह समझ लोगों में जितनी बढ़ेगी, प्रतिनिधियों पर इससे बेहतर काम करने का दबाव भी बढ़ेगा। पहली बार मतदान करते समय मैं चाहूंगा कि मेरे मताधिकार से चुनकर आने वाले सांसद ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को बेहतर शिक्षा और खेल की सुविधा देने का प्रयास करें। कई प्रतिभाएं सुविधा के अभाव में दम तोड़ रही हैं।

-हरिश यादव, कॉलेज छात्र



## बीटीआई ग्राउंड में अलग-अलग जगहों से पुरुष, महिलाएं, दिव्यांग पहुंचे चुनाव सामग्री लेने

# छत्तीसगढ़ में आज लोकतंत्र का आखिरी पड़ाव
# छलका उत्साह, सबने कहा - हैं तैयार हम...!

**लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के अंतर्गत शहर में आज मतदान होना है। चुनाव में कई बूथों पर महिलाओं की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसी कड़ी में सोमवार को शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड अलग-अलग जगहों से महिलाएं अपने मासूम बच्चों को गोद में लिए तो कहीं दिव्यांग, चुनाव सामग्री और ईवीएम मशीन लेने पहुंचे। पहली बार चुनाव ड्यूटी की जिम्मेदारी मिलने पर युवाओं में उत्साह नजर आया।**







रायपुर। हरिभूमि विशेष बातचीत में महिलाओं ने अपना संघर्ष साझा किया तो वहीं 60 वर्ष पार कर चुके शिक्षकों ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि अभी तक 25 सालों में 5 लोकसभा चुनाव में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पोस्टल बैलेट से लेकर ईवीएम तक का अनुभव है। एक युवा ने बताया कि बीते दिनों गर्मी में कारण तबीयत बिगड़ गई थी। आज अच्छा महसूस किया और चुनाव सामग्री लेने आ गया। मतदान करने के साथ मतदान ड्यूटी में अपनी सहभागिता देना देश हित का कार्य है।



### घर में खुशी का माहौल

शहर की सीमा विशाल को लोकसभा चुनाव में पहली बार ड्यूटी पर तैनात किया गया है। बातचीत में बताया कि पहली बार चुनाव ड्यूटी में शामिल हुई, जिससे परिवार के लोगों में खुशी है। अक्सर दोस्तों को चुनाव ड्यूटी की बात करते हुए सुनती थी। अब चुनाव में देशहित में सेवा करने लिए उत्साहित हूं। ईवीएम किस तरह से काम करता है और देश का मतदान किस तरह से होता है, अब इसे करीब देख रही हूं।

### चुनाव ड्यूटी में जाने घरवालों ने बढ़ाया हौसला

अभनुपर से डेढ़ साल के बच्चे से साथ शिक्षिका अंजलि तिवारी चुनाव सामग्री और ईवीएम मशीन लेने पहुंची। सोती हुई बेटी को संभालते और धूप से बचाते हुए अंजलि ने अपना कार्य पूरा किया। बातचीत में बताया कि पति को भी चुनाव ड्यूटी की जिम्मेदारी मिली है। मेरा बेटा अभी डेढ़ साल का है। अभी-अभी चलना सीखा है। घर में देखभाल करने वाला कोई नहीं है, अकेला कैसे छोड़ देती इसलिए साथ में लेकर आई हूं। चुनाव ड्यूटी को लेकर परेशान थी, लेकिन घरवालों ने हौसला बढ़ाया। विधानसभा के बाद दूसरी बार चुनाव ड्यूटी की जिम्मेदारी मिली है।

### बेटी को गोद में रखकर काम

धरसीवा में एक दंपति को चुनाव ड्यूटी की जिम्मेदारी मिली है। बातचीत में बताया, मतदान के दिन बेटी को गोद में रखकर काम करना होगा। सोमवार को बेटी की झुंझलाहट उन्हें परेशान तो कर रही थी, लेकिन वह कर्मपथ पर आगे बढ़ती जा रही थीं। अपनी बेटी को लेकर ड्यूटी करने के लिए डटी रही। एक अन्य महिला अपने डेढ़ साल के बेटे को लेकर पहुंची थीं, उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण बेटा परेशान है। ऐसे में काम करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन काम के प्रति समर्पण हो तो छोटी-मोटी बाधाएं मायने नहीं रखतीं।

### 25 साल से हर चुनाव में जिम्मेदारी, शहर से जंगल तक सेवा

अभनपुर से आए 61 वर्षीय लक्ष्मी नारायण शुक्ला ने बताया, 1986 से चुनाव ड्यूटी में सेवा दे रहा हूं। पांच विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कार्य करने का अनुभव है। 25 सालों में ग्रामीण चुनाव से लेकर निगम, नगर पंचायत व देश के बड़े चुनाव में जिम्मेदारी मिली है। इस चुनाव के साथ अंतिम बार मतदान ड्यूटी करने जा रहा हूं। ईवीएम में आने से मतदान की प्रक्रिया में तेजी आई है। 25 साल पहले पोस्टल बैलेट में काम बढ़ जाता था और मेहनत भी अधिक लगती थी। शहर से लेकर जंगलों के बीच चुनाव ड्यूटी में काम करने मौका मिला है।



### दोस्तों ने बढ़ाया उत्साह

डंगनिया स्थित शासकीय स्कूल के शिक्षक अभिषेक चौबे को लोकसभा चुनाव की पहली बार जिम्मेदारी मिलेगी। उनका कहना है, आज तक केवल लोगों को मतदान देते हुए देखा करता था, अब इस चुनाव मतदान संपन्न कराने में अपना योगदान दूंगा। दोस्तों के साथ घरवालों ने भी उत्साह बढ़ाया है। पहली बार देखने को मिलेगा कि चुनाव में मतदान किस तरह से होता है। चुनाव ड्यूटी का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व का विषय है।



### तौलिया, चादर व पिलो कवर देकर मतदान दल का स्वागत

इस लोकसभा चुनाव में वोटर्स को मतदान के लिए प्रेरित करने से अलग माहौल है। मतदान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले दल को सहयोग करने के लिए भी लोग हाथ बढ़ा रहे हैं। कई संस्थाओं ने मंगलवार को पोलिंग बूथ पर डग कुलर भी लगवाएं। कई बूथ पर मतदाओं को शरबत, नीबू पानी और मठा के साथ ठंडा पानी भी उपलब्ध कराएंगे।

#### गद्दे और कूलर

दुर्गा कॉलेज व विवेकानंद कॉलेज में मतदान बूथ बनाया गया है। यहां एक निजी संस्था ने ड्यूटी के लिए आए 60 मतदान कर्मियों व अधिकारियों का स्वागत तौलिया, चादर और पिलो कवर देकर किया। मतदान दल को रात में अच्छी नींद मिले, इसके लिए गद्दे, कूलर भी लगवाए हैं।

#### जवानों को सुविधाएं

क्षेत्रिय संस्थाओं ने टिकरापारा के सरकारी स्कूल में मतदान दल को रुकने के लिए गद्दा, कुलर-पंखे का इंतजाम किया है। साथ ही मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए पंडाल भी लगाया है। कूलर व पंखे से भी लोगों को गर्मी से बचाने का प्रयास इस बार संस्थाएं कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मतदान बूथों में सुरक्षा के लिए तैनात जवानों को भी जरुरी सुविधा देने की पहल हो रही है। यह प्रयास वोटिंग का ग्राफ बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

#### फल खरीदी पर देंगे छूट

आमापारा में स्वामी आत्मानंद स्कूल आरडी तिवारी क्षेत्र में फलों का व्यावसाय करने वाले कई दुकानदारों ने इस बार वोटिंग को प्रमोट करने के लिए मतदान के बाद स्याही दिखाने और फल खरीदने पर छूट देंगे। मतदान के लिए लोगों को सजग करने के लिए कई दुकानदार अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं।

#### पिंक बूथों पर महिलाएं

इस बार महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए पिंक बूथों में मतदान दल में भी महिलाएं हैं। इसे देखते हुए उन्हें सुविधा देने के लिए महिला विंग से जुड़ी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। यहां सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाली महिला कर्मियों को भी निजी संस्थाओं की महिलाएं सहयोग कर रही हैं।

## ये हैं शहर के सबसे आकर्षक मतदान केंद्र

### देवेंद्र नगर ऑफिसर्स कॉलोनी : विशाल वृक्ष के नीचे वोटिंग

हरीतिमा युक्त बनाकर इस केंद्र को आकर्षक बनाया गया है। विशाल वृक्ष के छाया तले बैठक व्यवस्था किए जाने से गर्मी से बचाव होगा। आयुर्वेदिक कॉलेज, मायाराम सुरजन स्कूल, दिशा कॉलेज, शहीद स्मारक स्कूल को भी व्यवस्थित कर मतदाताओं के सुगम मतदान के लिए पूरी तैयारी है। सुविधाजनक विश्राम स्थल, पेयजल, प्रसाधन की सभी सुविधाएं यहां भी



### वन मंडल कार्यालय : सूखे पत्तों से छांव

शहर के वन मंडल कार्यालय परिसर को सूखे पत्तों से ढंककर मतदाताओं के लिए छांव की तैयारी की गई है। हरी-भरी पत्तियों से मंडप की तरह परिसर को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। मतदान केंद्र में सभी के लिए समुचित पेयजल, नीबू पानी, विश्राम स्थल की सुविधा सहित चिकित्सा टीम भी उपस्थित रहेगी, ताकि यहां पर पहुंचने वाले किसी भी मतदाता को गर्मी की वजह से समस्या न हो।



### जिला पंचायत मतदान केंद्र : खस लगाकर ठंडक

शासकीय कार्यालय को खस लगाकर ठंडक दी जा रही जिससे मतदाताओं को गर्मी से परेशान न होना पड़े। इस केंद्र में मतदान के दौरान एसी की भी सुविधा मिलने वाली है । घने बड़े पेड़ होने के कारण इस केंद्र में गर्मी का असर भी कम रहेगा। यहां बने विश्राम स्थल भी खास हैं, जिसके पास ही पानी, चिकित्सा सुविधा व नीबू पानी भी उपलब्ध होगा।




### आदर्श मतदान केंद्र : कतार के साथ बेंच

आरडीतिवारी और बीपी पुजारी स्कूल में आदर्श मतदान केंद्र होने के कारण आकर्षक डिजाइन संग स्वागत द्वार बनाए गए हैं। मतदान दौरान निःशक्त, बुजुर्ग, महिला व अन्य वोटर्स को देर तक खड़ा न रहना पड़े इसलिए कतार के साथ ही बेंच लगाए गए हैं। इसपर बैठकर मतदाता अपनी बारी का इंतजार कर सकेंगे।



## सिटी इवेंट

# कवि सम्मेलन कल, पेश की जाएंगी हास्य रस की कविताएं



रायपुर। डंगनिया में भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा किया गया है। इसका आठवां वार्षिक उत्सव बैसाख माह शुक्ल पक्ष की तृतीया को है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव शुक्रवार को है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिवांजल शर्मा ने इसे उत्सव का रुप देने तैयारी की है। उन्होंने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव और परशुराम मंदिर के 8वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय आयोजन 8 से 12 मई तक किया जाएगा। इस कड़ी में बुधवार को शाम 7 बजे विराट हास्य कवि सम्मेलन होगा। इसमें पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, रामानंद त्रिपाठी, किशोर तिवारी, निशा आनंद तिवारी अपनी रचनाएं पेश करेंगी। हास्य कवि सुनील पाण्डेय और वीरेंद्र तिवारी के बीच वीर रस के कवि मयंक शर्मा भी काव्य पाठ करेंगे।

### पंडवानी संग पूजन-अभिषेक

इस कड़ी में 9 मई को बालोद के पंडवानी गायक दुष्यंत द्विवेदी एवं साथी प्रस्तुति देंगे। वहीं 10 मई को परशुराम जन्मोत्सव पर सुबह 8 बजे से पूजा, अभिषेक, हवन एवं परशु स्थापना की जाएगी। शाम 7 बजे से महाआरती और 7.30 बजे से महाभंडारा शुरु होगा।11 मई की शाम 7 बजे से छत्तीसगढ़ी नाचा -गम्मत की प्रस्तुति राकेश साहू एवं साथी देंगे। महोत्सव के अंतिम दिन बिलासपुर के भजन गायक गौरव जोशी एवं साथी अघोरी झांकी के साथ भजन संध्या में पेश करेंगे।

## आराधना

# ज्ञान और वैराग्य में हुई वृद्धि तब हुआ पापों का प्रायश्चित



रायपुर। अनुपम नगर स्थित गणेश मंदिर में चल रहे शिवपुराण के कथा प्रसंग में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के शिष्य डॉ.इन्दुभवानन्द महाराज ने कहा, सद्गुरु के आश्रय से शिव तत्व की प्राप्ति होती है। चंचुला की कथा के माध्यम से उन्होंने श्रोताओं को बताया, कि चंचुला ने ब्राम्हण देवता का आश्रय लेकर के गोकर्ण में शिव पुराण की पवित्र कथा सुनी। कथा के सुनने से उसके हृदय में भक्ति ज्ञान और वैराग्य की वृद्धि हुई तथा सहज में ही उसके पापों का प्रायश्चित हो गया। गर्मी के बाद भी बड़ी संख्या में भक्तों की संख्या उन्हें सुनने के लिए पहुंची।

### बिना ज्ञान के नहीं मिल सकती मुक्ति

*भगवान शंकर की दिव्य कथा का जो व्यक्ति श्रवण करता है वह समस्त पापों से मुक्त होकर ज्ञान प्राप्त कर लेता है। अंत में उसको मुक्ति प्राप्त हो जाती है। इंदुभवानंद ने कथा प्रसंग में कहा, मुक्ति का दान करने वाले केवल भगवान शंकर ही हैं। बिना ज्ञान के मुक्ति प्राणी को प्राप्त नहीं होती है। ज्ञान केवल भगवान शिव से ही प्राप्त होता है। ज्ञान प्राप्ति के लिए ही शिव की उपासना की जाती है। मोक्ष प्राप्त करने और ज्ञान के लिए शिव की आराधना लाभदायी है। भक्तों ने शिव से जुड़े अन्य प्रसंगों का भी श्रवण किया।*

## कैंपस इवेंट

# देशभर से पहुंचे बायोमेडिकल एक्सपर्ट, दिए रिसर्च टिप्स



रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में 30 अप्रैल से प्रारंभ हुई मैकेनिक्स एंड मटेरियल्स फॉर बायोमेडिकल एप्लिकेशंस पर आयोजित वर्कशॉप का समापन सोमवार को हुआ। यह वर्कशॉप साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड (एसईआरबी) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इस वर्कशॉप में पूरे देश से 25 प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें से भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, आईआईआईटी बीएचयू, आईआईआईटी दिल्ली, एनआईपीईआर, एमएनएनआईटी जैसे भारत के प्रमुख संस्थानों के विशेषज्ञों के 33 सत्र आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में प्रैक्टिकल और ट्रेनिंग सेशन भी आयोजित हुए। छात्रों की जिज्ञासाएं भी इन सेक्टर्स से आए विशेषज्ञों ने शांत की।

### फीडबैक सत्र में साझा किए अनुभव

विशेषज्ञों ने कहा, बायोमेडिकल विभाग एक जीवंत विभाग है, जिसने हमेशा अच्छे शोध कार्यों पर काम किया है। प्रतिभागियों को इस कार्यशाला से अच्छा अनुभव प्राप्त हुआ होगा, जिसका प्रयोग वो भविष्य में कर सकेंगे। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आईआईआईटी बीएचयू के डॉ.संजय राय द्वारा कार्डियो वेस्कुलर बायोमैकेनिक्स के बारे में जानकारी दी गई। वहीं चंडीगढ़ के डॉ. विनय मीणा द्वारा एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग एप्लिकेशन इन बायोमैकेनिक्स पर जानकारी दी। फीडबैक सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए। इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

● चुनाव कर्मचारियों के लिए सामूहिक पाकशाला, दो सौ से ज्यादा कर्मी डटे

# 20 हजार लोगों के लिए आधी रात से तैयार हो रहा भोजन

# 4 क्विंटल चावल, 2.5 क्विंटल आटा व 3 क्विंटल सब्जी

"लोकसभा चुनाव में सेवा प्रदान करने वाले मतदान कर्मियों के लिए भोजन व्यवस्था करने का ठेका एक एनजीओ को दिया गया है। मतदान कर्मियों के लिए दो समय के भोजन के साथ सुबह नाश्ते की व्यवस्था की गई है। मतदान के एक दिन पूर्व मतगणना स्थल पहुंचने वाले मतदान कर्मियों के लिए सोमवार रात से ही भोजन व्यवस्था की गई है। इसके लिए सुबह से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी।

रायपुर। जिला प्रशासन के अफसरों के मुताबिक, 'एक पहल' नामक संस्था मतदान कर्मियों के लिए भोजन व्यवस्था कर रही है। देवपुरी स्थित संस्था के भवन में यह भोजन तैयार किया जा रहा है। संस्था द्वारा मतदान कर्मियों को भोजन में पूड़ी, दाल, दो सब्जी के अलावा चावल, आचार, पापड़ और सलाद की व्यवस्था की गई है। मंगलवार सुबह नाश्ते में मतदान कर्मियों को पोहा दिया जाएगा। मतदानकर्मियों तक आसानी से गर्म खाना पहुंच सके, इसके लिए संस्था ने अलग से वाहन की व्यवस्था की है। मंगलवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो जाएगा। इसे देखते हुए सोमवार मध्यरात्रि के बाद से ही टीम भोजन संबंधित व्यवस्था में जुट चुकी थी।





### दोपहर को मिलेगी पुलाव संग चटनी

*गर्मी में भोजन खराब न हो इस बात को ध्यान में रखते हुए भोजन तैयार किया जा रहा है। जिला तथा नगर निगम प्रशासन के अफसरों के मुताबिक, भोजन पैकेट तैयार करने के बाद उसे तत्काल पैक कर मतदान कर्मियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान कर्मियों को मतदान के एक दिन पूर्व रात के भोजन में दो पुड़ी के साथ काबूली चना, आलू के साथ दाल, पापड़, आचार-सलाद दिया गया है। मतदान वाले दिन मतदान कर्मियों को भोजन के रूप में पुलाव, पुड़ी, सलाद, पापड़, आचार दिया जाएगा।*

### भोजन बचा तो बांटा जाएगा जरूरतमंदों में

*मतदानकर्मियों के लिए जो भोजन की व्यवस्था की गई है, उसके लिए चार क्विंटल से ज्यादा चावल के साथ ढाई क्विंटल आटे की खपत होने का अनुमान है। इसी तरह से एक क्विंटल के करीब दाल तथा तीन क्विंटल के करीब सब्जी की खपत होने का अनुमान है। इसके लिए 20 पीपा तेल इस्तेमाल किया गया है। संस्था के अनुसार खाना बचने की स्थिति में फेंकने की बजाय जरूरतमंद लोगों को बांटा जाएगा।*



### मशीन से तैयार हो रहा भोजन

एक साथ 20 हजार लोगों के लिए पारंपरिक तरीके से भोजन तैयार करना संभव नहीं है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बल्क में भोजन बनाने का काम मशीन से किया जा रहा है। पूड़ी के लिए आटा गूंथने से लोई बेलने का काम मशीन से किया जा रहा है। तलने का काम कढ़ाही में किया जा रहा है। इसी तरह से चावल को मशीन में डालकर स्टीम से पकाया जा रहा है।





# आईसीएससीई बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजे जारी 'अनहेल्दी कंपीटिशन' रोकने मेरिट लिस्ट नहीं

## सीबीएसई के परिणाम 20 मई के बाद

रायपुर। देश के केंद्रीय बोर्डों में से एक काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (आईसीएससीई) ने सोमवार को आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए। काउंसिल द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, इस बार 10वीं की परीक्षाओं में 99.47 फीसदी और 12वीं के बोर्ड एग्जाम में 98.19 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। हालांकि, इस बार बोर्ड ने दोनों ही कक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट अर्थात प्रावीण्य सूची जारी नहीं की है। राजधानी के राजकुमार कॉलेज, सेंट मैरी, सालेम इंग्लिश माध्यम स्कूल, रेडिएंट वे सहित कई विद्यालयों में इस बोर्ड के अंतर्गत ही पढ़ाई होती है। इन स्कूलों में बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। रेडिएंट-वे स्कूल प्रबंधन के अनुसार, आईएससी के लिए 45 छात्र परीक्षा में बैठे और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 18 छात्रों को 90% से ऊपर अंक मिले हैं। आस्था सिंह राजपूत को 96.25%, अपूर्व वैष्णव को 93.75% और मयंक देवांगन-दीपक शर्मा को 93% अंक मिले।

**माशिम के रिजल्ट इस सप्ताह**

### माशिम के परिणाम तैयार

*अन्य प्रमुख बोर्ड के अंतर्गत सीबीएसई और सीजी बोर्ड के नतीजों का इंतजार छात्र कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुसार, मई के दूसरे सप्ताह अर्थात मौजूदा सप्ताह में दसवीं-बारहवीं के परिणाम एक साथ जारी किए जाएंगे। इस क्रम में सीबीएसई रिजल्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी अपडेट के अनुसार परिणाम 20 मई 2024 के बाद जारी किए जाएंगे।*

### ऐसा पहली बार

इस संबंध में बोर्ड का कहना है कि, हमने इस साल से बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की प्रथा को समाप्त कर दिया है। स्टूडेंट्स में 'अनहेल्दी कंपीटिशन' के बचने के उद्देश्य से टॉपर्स लिस्ट जारी करने की परंपरा को समाप्त किया गया है। गौरतलब है कि देश सबसे बड़े केंद्रीय बोर्ड सीबीएसई ने सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाओं के लिए टॉपर्स लिस्ट पर पिछले वर्ष ही रोक लगा थी। सीबीएसई और आईसीएससीई दोनों ही केंद्रीय बोर्ड ने कोराना महामारी के दौरान जब 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया गया था और नतीजों की घोषणा वैकल्पिक मूल्यांकन पद्धति से की गई थी, उस दौरान भी टॉपर्स लिस्ट जारी की गई थी। शिक्षा-परीक्षा की प्रक्रिया सामान्य हो जाने के बाद भी मेरिट लिस्ट जारी की जाने लगी थी।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म में पहली बार किया गया वीएफएक्स का प्रयोग

रायपुर। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों की तर्ज पर छग की फिल्म में भी वीएफएक्स का प्रयोग किया जा रहा है। 10 मई को छत्तीसगढ़ी फिल्म 'माई का लाल रूद्र' सभी सिनेमा घरों में आने वाली है। यह छग की पहली फिल्म है, जिसमें वीएफएक्स का प्रयोग हुआ है। यह फिल्म 45 लाख की लागत से बनी है। फिल्म से जुड़े कलाकारों ने बताया कि यह एक पारिवारिक फिल्म है, जिसमें दिखाया जाएगा कि बाप और बेटे के बीच किस तरह से अनबन होने के बाद वे अपने रिश्ते को बनाए रखने में कामयाब होते हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अभिनेता दीपक कुमार, अभिनेत्री हेमा शुक्ला समेत अन्य कलाकार नजर आने वाले हैं।

**10 मई को रिलीज होगी 'माई का लाल रूद्र'**



### 8 साल पहले लिखी थी कहानी

फिल्म के निर्माता व अभिनेता दीपक कुमार ने बताया, उन्होंने इस फिल्म की कहानी 8 साल पहले लिखी थी, लेकिन कोई निर्देशक व निर्माता नहीं मिलने के कारण वे निराश थे। इस बीच उनकी मुलाकात सुभाष जायसवाल से हुई जो कि बिलासपुर के रहने वाले हैं और मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के कई टीवी सीरियल में निर्देशक रह चुके हैं। उन्होंने इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी ली और वे खुद अभिनेता के बाद पहली बार निर्माता बने। सुभाष जायसवाल ने बताया, चूंकि वे कई टीवी सीरियलों का निर्देशन कर चुके हैं, इसलिए उन्होंने इस फिल्म को साउथ फिल्मों की तरह बनाने की सोचा और बाहुबली फिल्म की तरह उन्होंने इसमें वीएफएक्स का इस्तेमाल किया। फिल्म की अधिकतर शूटिंग दुर्ग जिले के एक गांव में हुई और फिल्म में 7 गाने हैं।











# फिल्टर प्लांट और इंटकवेल संचालन में नगर निगम के हाथ-पांव फूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन में निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हर महीने औसतन 3 करोड़ रुपये और 1 साल में 36 करोड़ रुपये के भारी भरकम बिजली बिल का भुगतान करने नगर निगम राज्य सरकार के भरोसे है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे नगर निगम के जल विभाग ने इसके लिए सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया है। इसे शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख लोगों को नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और इंटकवेल से शहर की 43 नई और पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 12 महीने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। इस सतत प्रक्रिया में जल शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन के लिए प्लांट को चौबीस घंटे संचालित करने बिजली की जरूरत पड़ती है।

सूत्रों के मुताबिक फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने करीब 3 करोड़ के बिजली बिल का भुगतान नगर निगम को करना पड़ता है। इस तरह 1 साल में 36 करोड़ रुपये फिल्टर प्लांट और एनीकेट के बिजली बिल का खर्च है। 2018 से पहले नगर निगम फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान करने की स्थिति में रहा, पर 2018 के बाद से जल विभाग विद्युत बिल का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है।

- हर बार राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत
- एक साल में 36 करोड़ का बिजली बिल



### जल शुल्क और विद्युत शुल्क का 156 करोड़ बकाया

निगम के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट के 2 साल का बिजली बिल भुगतान लंबित है। इसी तरह जल शुल्क के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान लंबित है। जल शुल्क और विद्युत शुल्क मिलाकर कुल 156 करोड़ रुपये का भुगतान नगर निगम के जल विभाग ने अब तक नहीं किया है।

### सोलर प्लांट का प्रस्ताव

निगम के फिल्टर प्लांट में बिजली की बचत के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### रॉ वाटर खरीदने में ही हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च

जल विभाग हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए का रॉ वाटर सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम के माध्यम से खरीदता है। साल में 10 महीने तक उसे डेम से पानी खरीदने की जरूरत पड़ती है। इस तरह 10 महीने में 11 करोड़ रुपये का रॉ वाटर शहर के 70 वार्डों के लिए खरीदा जाता है, जबकि बारिश के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की उपलब्धता केवल 2 माह तक रहती है। इन 2 महीनों में खारुन का पानी लोगों की प्यास बुझाता है। इसीलिए सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का कच्चा पानी खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## खबर संक्षेप



### शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम होंगे शामिल

**रायपुर।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत डॉ. रामसुंदर दास, डॉ. महेश गिरि दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरि दिल्ली और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी उपस्थित होंगे।

### लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने लिया संकल्प




**रायपुर।** लोकतंत्र के महापर्व पर लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने के लिए संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि वोट अवश्य कीजिए, लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है, प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कमल विहार में ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा।

## तापमान 43 डिग्री, दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच पीक पर रहेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ऐसा रहा तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.0 |
| बिलासपुर | 43.2 |
| पेंड्रा | 41.8 |
| अंबिकापुर | 41.2 |
| जगदलपुर | 40.5 |
| दुर्ग | 42.4 |
| राजनांदगांव | 42.8 |

मौसम में अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। दोपहर ढाई से तीन बजे तक गर्मी अपनी चरम स्थिति में रहेगी। शाम के बाद शहर सहित मध्य इलाके में बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को सुबह छाए बादल और ठंडी हवा के बाद दोपहर शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर सिमट गया। रविवार को मई का सर्वाधिक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जिसमें दूसरे दिन सोमवार को आधा डिग्री तक की गिरावट हुई। तापमान भले ही मामूली रूप से कम रहा, मगर गर्मी के तेवरों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। दोपहर तेज और झुलसाने वाली गर्मी के बीच शहर का अधिकतम पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी की वजह से ज्यादातर लोगों ने घर अथवा दफ्तरों में रहकर अपना कामकाज किया।

आवश्यक होने पर जो बाहर निकले, उन्होंने स्कार्फ अथवा अन्य सुरक्षा उपाय किए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव हो रहा है, जिसकी वजह से मंगलवार को हल्के बादल छाए रहेंगे और तापमान 43 डिग्री के आसपास ही रहेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, गर्मी अपना असर दिखाएगी और दोपहर के वक्त तापमान अपने पीक पर रहेगा। शाम होने के बाद पारा धीरे-धीरे नीचे उतरेगा। इसके बाद कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ भी चल सकता है।

## आबकारी विभाग की दबिश में मिली अंग्रेजी शराब
# 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग ने रविवार रात मंदिरहसौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दंतेवाड़ा जिले का रहने वाला है, जो पेशे से अवैध शराब बिक्री का कारोबारी है। उसके पास से विभागीय टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है।

### टाटा नैनो से 60 हजार कीमत की शराब बरामद

विभागीय टीम ने इसके अलावा शंकर नगर क्षेत्र के कचना मार्ग पर एक नैनो कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 हजार कीमत की शराब बरामद की है। इस कार से 230 नग केन बीयर और मेक्डावल नंबर वन ब्रांड की 7 बोतल शराब बरामद की है। टीम ने कार चालक डंकानारा सीमूल निवासी दुर्गा नगर न्यूराजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र में भी अलग-अलग दो जगह से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 210 लीटर शराब से भरी बोतले जब्त की है। इन तीनों प्रकरण में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### सूनी जगह पर झाड़ियों में छिपाकर रखी थी शराब

जिला आबकारी उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का 7 मई को मतदान होना है। इसे लेकर पूरे जिले में 5 मई शाम को 5 बजे से ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत जिलेभर में शराब दुकानें भी बंद हैं। इस दौरान अवैध शराब की तस्करी व कारोबार करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को विभागीय टीम ने मंदिरहसौद क्षेत्र में वुडआइलैंड के निकट एक कच्ची सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, उसके हाथ में एक थैला था। विभाग की टीम जब उसके पास पहुंची, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पकड़कर कर पूछताछ की गई, तो उसने खुद का नाम राजा दुर्गा बड़े बचेली दंतेवाड़ा का रहने वाला बताया है। उसके थैले से महंगी शराब की दो बोतल बरामद की। इसके बाद उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने कच्ची सड़क के पास झाड़ियों में शराब छिपाकर रखना बताया। विभाग ने झाड़ियों से 64 शराब की बोतल बरामद की। ये सभी शराब की बोतले दूसरे राज्य जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश की है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। राजा दुर्गा ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह शराब बेचने का काम करता है। रायपुर में वह शराब बेचने के लिए ही आया था। पूछताछ में आरोपी से विभागीय अधिकारी यह पता नहीं लगा पाई कि दूसरे राज्यों की इतनी महंगी शराब उसके पास कहां से आई। फिलहाल इस मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से, जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- एक ही पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी परीक्षाएं

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं एक पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवि अध्ययनशाला के साथ ही महाविद्यालयों को भी समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर सूचित करने कहा गया है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 6 जून से होगी। विवि प्रबंधन द्वारा ठीक एक माह पहले समय-सारिणी जारी की गई है। परीक्षाएं 15 जुलाई को समाप्त होंगी। सबसे अंत में बीवॉक और एमएससी आईटी की परीक्षाएं समाप्त होंगी। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 28 जून तक चलेगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से 2 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। एमए के अंतर्गत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 6 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी। बीबीए की परीक्षाएं 11 जून से 3 जुलाई, सीबीएस की परीक्षाएं 6 जून से 11 जुलाई तथा बीफॉर्मा की परीक्षाएं 10 जून से 3 जुलाई तक होगी। समय-सारिणी रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### 22 साल बाद अंक सुधार

रविवि ने एक छात्रा की अंकसूची में दर्ज अंकों में 22 साल बाद सुधार किए हैं। इसके परिणाम भी घोषित किए गए। छात्रा शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा है। छात्रा के बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के अंक सुधार पश्चात परिणाम दोबारा जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि अंतिम वर्ष की अंकसूची में तीनों वर्ष के अंकों का उल्लेख होता है। कई बार त्रुटिवश प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंक और अंतिम वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंकों में एकरूपता नहीं रह पाती है। डिग्री के लिए आवेदन करने के दौरान दोनों में एक समान अंक होना जरूरी होता है। अधिकतर छात्र इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। डिग्री के लिए आवेदन देने के बाद उन्हें त्रुटि पता चलती है। ऐसे में छात्रों द्वारा अंक सुधार के लिए आवेदन दिया जाता है तथा रविवि पुनः परिणाम जारी करता है।

## मेडिकल की नई तकनीक विकसित करने एम्स-आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू



**रायपुर।** मेडिकल की नई तकनीक और शोध तथा अनुसंधान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। एमओयू के तहत हेल्थ वर्करों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने सिम्युलेटर और किट प्रदान किया जाएगा। एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एम्स निदेशक ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा।

## एक्शन मोड में सीनियर डीसीएम, यात्री बनकर पहुंचे स्टेशन, कुलियों को शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा



**रायपुर।** मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी पदभार संभालने के बाद ही एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सुबह आम यात्री की तरह बिना स्टॉफ की मदद के उन्होंने स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टेशन में मौजूद जन सुविधाओं को जायजा लिया। इस दौरान जब सीनियर डीसीएम जब कुली विश्राम गृह में पहुंचते तो सुबह से ही कुली शराब पीते नजर आए। वाणिज्य प्रबंधक ने भविष्य में ऐसा गलती न करने की हिदायत दी। स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी शराब पी रहे थे।

## बिजनेस साइट

### ऑल इंडिया डीलर कांफ्रेंस में स्कॉय ऑटोमोबाइल्स को एक साथ मिले तीन अवार्ड




**रायपुर।** मारुति-सुजुकी कंपनी के अधिकृत डीलर स्कॉय ऑटोमोबाइल्स को तुर्की के अंतालिया में आयोजित ऑल इंडिया डीलर कांफ्रेंस में तीन अवार्ड एक साथ मिले हैं, जो कि ऑटोमोबाइल्स सेक्टर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। तुर्की के अंतालिया में आयोजित ऑल इंडिया डीलर कांफ्रेंस में अवार्ड ग्रहण करने के मौके पर स्कॉय ऑटोमोबाइल्स की ओर से अरूण सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल व आदित्य सिंघानिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ के लोगों को कार की सवारी के लिए अपने शहर में पहली बार सुविधा मुहैया कराने वाले स्कॉय ऑटोमोबाइल्स, जिन्होंने वर्ष 1987 से अपना सफर शुरू किया, वो मुकाम समय के साथ-साथ उसी तर्ज पर आगे बढ़ता गया और आज एक विश्वसनीय स्थापित ब्रांड नाम छत्तीसगढ़ व ओडिशा में है।


स्कॉय ऑटोमोबाइल्स के संचालक अनिल अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय बेस्ट सेल्स व सर्विस के माध्यम से बने कस्टमर परिवार, स्कॉय ऑटोमोबाइल्स के पूरे स्टाफ व कंपनी को दिया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411






## खबर संक्षेप



### मतदान दलों को सामग्री वितरित, आज मतदान

**तिल्दा नेवरा।** 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव हेतु रायपुर लोकसभा क्षेत्र से मतदान दलों की रवानगी की गई है। सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय कोहका नेवरा में मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया गया है। बता दें बीते विधानसभा चुनाव में पहली बार तिल्दानेवरा को स्ट्रांग रूम बनाया गया था, इस बार के लोकसभा चुनाव में भी स्ट्रांग रूम उसे बनाया गया है, साथ ही मतदान दलों द्वारा वहां पर उपस्थित हुए जिन्हें मतदान सामग्री का विवरण किया गया। और मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवानगी हो गई है। साथ ही यहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान दलों को रवाना किया गया। आज सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

### लोकतंत्र की समृद्धि के लिए मतदान अवश्य करें : तारक

**आरंग।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता रविकांत तारक ने स्थानीय मतदाताओं से राष्ट्रहित में मतदान करने की महत्वपूर्ण अपील की है। उनका मानना है कि सजग और सोच-समझकर मतदान करने से ही वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना संभव है। उन्होने कहा कि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। जागरूक मतदान से ही राष्ट्र का उज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है और समझदारी से किया गया मतदान समाज और देश के भविष्य को आकार देता है। इस प्रक्रिया में हर नागरिक का योगदान निर्णायक होता है। उन्होने कहा कि पिछले कुछ वषोंर् में मतदान जागरूकता में वृद्धि हुई है, परंतु अभी भी इस दिशा में बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और सक्रिय रूप से इसमें भाग लें। उन्होने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए मतदान की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने की अपील की। उन्होने कहा कि युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी ही देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी, प्रत्येक वोट से राष्ट्र की दिशा और दशा तय होती है। उन्होने कहा कि 07 मई को सभी मतदाता अपने घरो से मतदान के लिए अव"य निकले और आसपास के मतदाताओं को भी मतदान हेतु साथ में ले जाए।

### शत-प्रतिशत मतदान करें लोकतंत्र होगा बलवान

**आरंग।** अधिक से अधिक मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग मतदाताओं को जागरूक करने अनेक गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वहीं आज मतदान दिवस को नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों व संस्थाओं ने सोसल मीडिया में प्रचार-प्रसार के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान में भाग लेने अपील किए हैं। जिसमें नगर के स्वयं सेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, कोसल साहित्य कला मंच, व्यापारी संगठन सहित अन्य सामाजिक व शैक्षणिक संस्थानों ने भी सोसल मीडिया में जागरूकता पोस्टर के माध्यम से नगर व क्षेत्र वासियों को शत-प्रतिशत मतदान में भाग लेने आग्रह किये है।

### भीषण गर्मी- हीटवेव की आशंका से सरकार चिंतित, बचाव के लिए जारी हुआ निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी से राज्य सरकार भी चिंतित हो गई है। सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गर्मी से बचाव करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि इस संबंध में सरकार के सभी उच्च पदस्थ अधिकारियों, एक दर्जन विभागों, सभी जिलों के कलेक्टरों को इस पत्र भेजा गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है।

# सात लाख मतदाताओं को वोट करने घर-घर पीले चावल के साथ दिए गए आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने घर-घर जाकर मतदाताओं को हल्दी लगे पीले चावल के साथ आमंत्रण पत्र (पाती) देकर उन्हें मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डालने रायपुर जिले में अभियान चलाया गया।। इस अभियान के तहत कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी निशा मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम मतदाताओं के घर-घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर उनसे मतदान केंद्र जाकर मतदान करने की अपील की। इस अभियान के तहत जिलेभर में सात लाख मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें आमंत्रण दिया है।

## पहली बार चलाया गया अभियान

लोकसभा चुनाव को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत मतदाताओं में मतदान को लेकर जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत कार रैली, बाइक रैली सहित विभिन्न प्रकार के आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर गौरव सिंह ने जिले में मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित करने घर-घर हल्दी लगे पीले चावल और आमंत्रण पत्र देने का अभियान चलाया है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में महिला व बाल विकास कार्यालय में पदस्थ महिलाओं के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महिला के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र जाकर वोट देने के लिए आमंत्रण पत्र दिया है।



फाइल फोटो

### आमंत्रण पत्र से बढ़ेगा वोटिंग का प्रतिशत

लोकसभा चुनाव में अक्सर देखा गया है कि मतदान का प्रतिशत कम होता। मतदाता वोट करने घर से नहीं निकलते है। हमारा प्रयास है कि इस बार के चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो। इस दिशा में प्रयास करते हुए घर-घर मतदाता को आमंत्रण पत्र दिए गए हैं। जिलेभर में इस अभियान के तहत सात लाख मतदाताओं को आमंत्रण पत्र दिए गए हैं।

- डा. गौरव सिंह
कलेक्टर रायपुर

## रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न इलाकों में किया जनसंपर्क

# बृजमोहन ने घर-घर किया संपर्क, महिलाओं ने लगाया विजय तिलक, आरती उतारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव- 2024 के लिए आज मतदान होना है। इसके लिए प्रशासन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वहीं प्रत्याशियों ने भी प्रचार में अपनी ताकत झोंकी है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने मतदान से एक दिन पूर्व सोमवार को राजधानी के अनेक मोहल्लों में पहुंचकर घर-घर जनसंपर्क किया और वोट मांगे।

इस दौरान मतदाताओं से चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आपका एक सही निर्णय देश का भविष्य बन सकता है। आप सभी राष्ट्र के उज्वल भविष्य के लिए भाजपा को वोट दें और केंद्र में नरेंद्र मोदीजी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें। श्री अग्रवाल ने लोगों से अपील की कि वे पहली वोटिंग मशीन में पहले नंबर का बटन दबाकर भाजपा को अपना बहुमूल्य मत दें। उन्होंने सभी लोगों से मतदान जरूर करने की अपील की।



इस दौरान जगह-जगह महिलाओं ने बृजमोहन अग्रवाल की आरती उतारी और तिलक लगाकर उन्हें विजय का आशीर्वाद भी दिया।

### इन इलाकों में किया जनसंपर्क

सोमवार का जनसंपर्क अभियान दवा मार्केट, आकाशवाणी उत्कल बस्ती, कुंद्रा पारा, बैरन बाजार, काली बाड़ी चौक, नेहरू नगर, वीरभद्र नगर, पुजारी नगर, संतोषी नगर, उत्कल बस्ती, बीएसयूपी कॉलोनी मठपुरैना, बीएसयूपी भाटागांव, बीएसयूपी कॉलोनी चंगोराभाटा, सुंदर नगर, अश्विनी नगर, आदर्श नगर, शारदा चौक, साइंस कॉलेज के पास, छोटापारा में हुआ।

### हाईप्रोफाइल सीट रायपुर लोकसभा

रायपुर लोकसभा सीट प्रदेश की सबसे हाईप्रोफाइल सीट है, जहां सबसे अधिक 38 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल भाजपा से प्रत्याशी हैं। प्रचार अभियान में प्रदेशभर में उनका कोई सानी नहीं है। उनका चुनाव प्रबंधन इतना तगड़ा होता है कि विरोधी भी उनके मैनेजमेंट का लोहा मानते हैं।

## ज्यादा मतदान कराने की कमान संभाली संगठन महामंत्री साय ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में इस बार भाजपा ने सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति बनाई है। इसके लिए संगठन ने कई तरह की रणनीति बनाई है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान भी कराने की एक रणनीति है।

इसकी कमान संभालने का काम प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय ने संभाल रखी है। वे जहां प्रदेश भर के सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, कर्मचारियों से लेकर हर तरह के संगठनों के प्रमुखों से फोन पर बात कर रहे हैं और उनको मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इन संगठन के लोगों ने मेल मुलाकात भी की गई है। प्रदेश में तीन चरणों में चुनाव हो रहे हैं। अंतिम चरण का चुनाव मंगलवार को हो रहा है। इसमें सात लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। भाजपा ने इस बार हर बूथ में ज्यादा मतदान की रणनीति बनाई है। इस रणनीति को पूरा करने के लिए प्रदेश में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने खुद जिम्मा उठाया है। उन्होंने इसके लिए संगठन स्तर पर तो पदाधिकारियों और कार्यकर्ता के साथ काम किया ही है लेकिन सबसे अहम यह है कि उन्होंने इस बार अलग तरह की भूमिका भी निभाने का काम किया है।

- सामाजिक, व्यापारिक सहित हर तरह के संगठनों को फोन करने के साथ मेल मुलाकात भी की

### कर रहे मतदान करने के लिए प्रेरित

पवन साय ने ज्यादा मतदान कराने के लिए लोगों को प्रेरित करने का काम किया है। प्रदेश भर के हर तरह के संगठनों के प्रमुखों को उन्होंने खुद फोन करके उनसे अपने संगठन के लोगों के साथ ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। श्री साय संस्थानों के लोगों से मिले भी हैं और उनसे हर हाल में मतदान करने का आग्रह भी किया है।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए महाराष्ट्र मंडल ने लगाया जोर



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर रविवार की शाम 6 बजे एक साथ महाराष्ट्र मंडल के 500 से अधिक आजीवन सभासदों ने शहर के 12 व्यस्ततम इलाकों में जबरदस्त मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर रोहिणीपुरम केंद्र और डगनिया-सुंदरनगर केंद्र की महिलाओं ने क्रमशः गोल चौक और रायपुरा चौक पर मठा वितरित कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।

## अनुकंपा नियुक्त में 10 प्रतिशत पदों का बंधन सीएस ने मांगा लंबित मामलों का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है, लेकिन तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए 10 प्रतिशत पदों का सीमा बंधन भी लागू है। इसकी वजह से तृतीय श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्तियां मिलने में देर होती है।

इस मामले को लेकर मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष और अधीनस्थ कार्यालयों से यह जानकारी मंगाई है कि 10 प्रतिशत की सीमा होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं।अनुकंपा नियुक्ति का यह मामला दरअसल इसलिए सामने आया है कि बिलासपुर हाईकोर्ट ने एक रिट पिटीशन मामले में एक आदेश पारित किया है। इस आदेश के पालन में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव को इस संबंध में निर्देश भेजे गए हैं।

### अब जारी हुआ ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके आश्रित परिवार के सदस्य को तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती है। वर्तमा में अनुकंपा नियुक्त के लिए सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश 2013 के प्रावधान प्रचलित है। सामान्य प्रशासन विभाग ने 15 अप्रैल को प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने के लिए अपडेटेड निर्देश भी भेजे हैं। वर्तमान में सीधी भतऊी के तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत पदों की सीमा बंधन लागू है तथा अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थी के दौरान शासकीय सेवक का निधन होने पर उसके परिवार के आश्रित सदस्य को तृतीय श्रेणी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 25 प्रतिशत की सीमा है। चतुर्थ श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए पदों की संख्या का कोई सीमाबंधन (सीलिंग) नहीं है।

### तत्काल करें प्रकरणों का निपटारा

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निपटारा तुंरत करने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित करें। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने शासन के सभी विभागों से अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की जानकारी देने कहा है। विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालयों को यह जानकारी देनी है कि अनुकंपा नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती के तृतीय श्रेणी के निम्नतम पदों जैसे सहायक ग्रेड- 3 वार्ड बॉय, वनरक्षक, पटवारी, पंजीयन लिपिक पर 10 प्रतिशत की सीलिंग के कारण कितने प्रकरण लंबित हैं।

### सेन महाराज की जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई



**तिल्दा नेवरा।** संत शिरोमणि सेन जी महराज की 724 वी जयंती तिल्दा नेवरा सेन समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे तिल्दा शिक्षक कॉलोनी सांस्कृतिक भवन में श्री सेन जी महराज की पूजा अर्चना के पश्चात 108 कलश की शोभा यात्रा सेन समाज के महिलाओं एवम बच्चे के द्वारा निकाला गया। तिल्दा खरोरा मेन रोड में कलश यात्रा दीनदयाल चौक तक आकर वापस शिक्षक कॉलोनी में समापन किया गया। इस कार्यक्रम में सेन समाज के महिलाओं एवम बच्चो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। एवम सेन जी महराज के जीवन संघर्ष और शांति एवम अमन के संदेश को सेन समाज के पदाधिकाराओ द्वारा बताया गया। इस कारक्रम में हिस्सा लेने लगभग 40 किमी दूर से सामाजिक बंधु सपरिवार आए थे। कार्यक्रम में संरक्षक नर सिंह सेन मनोहरा, सचिव गंगाराम सेन अदबंधा, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सेन तिल्दा, सह सचिव पुनाराम सेन मोहरा, प्रधान चंद्र शेखर सेन कुथरेल, प्रधान जयनारायण सेन निनवा, प्रधान रामनाथ सेन पड़कीडीह , खेदूराम सेन जरौद मौजूद थे। महिला विंग की सदस्या श्रीमती दीपा सेन, श्रीमती लीना सेन, श्री मति गुलाब सेन, श्री मति चमेली सेन, श्री मति त्रिवेणी सेन, श्री मति कविता सेन, श्री मति ममता सेन ने कलश शोभा यात्रा निकाली। संतोष सेन नेवरा , एल आर श्रीवास तुलसी, भारद्वाज जी तिल्दा, लक्खू सेलून तिल्दा उपस्थित रहे।

## साइकिल पर सिलेंडर रखकर किया जनसंपर्क, विकास ने मांगे वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को होना है। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय साइकिल में सिलेंडर रखकर जनसंपर्क पर निकले। कांग्रेस भवन गांधी मैदान से युवा वोटर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ सड़कों पर पैदल चलकर लोगों से हाथ जोड़कर मतदान की अपील की। गांधी मैदान से निकले जो कोतवाली चौक मालवीय रोड जय स्तंभ चौक शारदा चौक तत्यापारा शक्ति बाजार सदर बाजार कोतवाली होते हुए कांग्रेस भवन गांधी मैदान में जनसंपर्क का समापन किया गया। फर्स्ट टाइम वोटरों को पहले मतदान फिर बाकी काम का संदेश भी दिया और भारत की लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान की अपील भी की। सिलेंडर पर यूपीए सरकार में मिल रहे 450 रुपए के सिलेंडर की कीमत एवं भाजपा सरकार में मिल रहे हैं 1100 रुपए सिलेंडर की कीमत को दर्शाया गया। विकास उपाध्याय ने कहा, आज देश में महंगाई आसमान छू रही है। केंद्र में पिछले 10 वर्षो से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व यह वादा किया था कि हम 100 दिनों में महंगाई को कम कर देंगे, लेकिन महंगाई को कम करने में विफल रही। युवा, महिला, किसान और श्रमिक भाजपा सरकार से काफी परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी ने इन सभी के लिए पांच न्याय और 25 गारंटी की घोषणा की है।

*ये थे मौजूद : इस अवसर पर गिरीश दुबे, कुलदीप जुनेजा, प्रमोद दुबे, महेंद्र छाबड़ा, ज्ञानेश शर्मा, ममता राय, सुरेश ठाकुर, भोजकुमारी यदू, उत्तम साहू,कामरान अंसारी, संदीप तिवारी, विनोद तिवारी, सोनू शर्मा, राजेश चौबे, विमल गुप्ता, संतोष जैन, दिनेश ठाकुर, बंशी कन्नौजे, जी श्रीनिवास, अविनय दुबे आदि उपस्थित थे।*

## राधिका खेड़ा के मामले में सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरा

# भाजपा नेत्रियों ने कहा- महिला न्याय की बात करना कांग्रेस का एक नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राधिका खेड़ा के मामले में भाजपा नेत्रियों सरोज पांडेय, रेणुका सिंह, भावना बोहरा, शालिनी राजपूत ने कांग्रेस को घेरते हुए तीखा हमला किया है। इनका साफ कहना है, कांग्रेस महिला न्याय के नाम पर महज नाटक के अलावा कुछ नहीं करती है। कांग्रेस की सच्चाई राधिका खेड़ा के मामले से सामने आ गई है।

सरोज पांडेय ने कहा, कांग्रेस ने लगातार महिलाओं के साथ अन्याय किया है। शाह बानो के तलाक के मामले के केस में जब एक बूढ़ी मां को वर्षों केस लड़ने के बाद कोर्ट ने उसके हक गुजारा भत्ता देने का फैसला सुनाया था, तब राजीव गांधी की सरकार ने उस फैसले को बदलने सरकारी आदेश निकाला और उस बूढ़ी मां से उसका हक छीन लिया था। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अगर सुरक्षित नहीं हैं, तो कांग्रेस की आम कार्यकर्ता का क्या हाल होगा। सोनिया गांधी को इस विषय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए।



### कांग्रेस के अन्याय से महिलाओं में निराशा : भावना बोहरा

भाजपा विधायक भावना बोहरा ने कहा, कांग्रेस द्वारा महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार,उन्हें अपमानित करना इसका एक लंबा इतिहास है। एक महिला होने के नाते राधिका खेड़ा के बयान सुनकर आश्चर्चकित हूं। हम हमेशा महिलाओं, युवतियों के ये कहते हैं प्रोत्साहित करते है की उनके साथ अगर गलत हो रहा है तो जरूर बताएं यही काम राधिका खेड़ा ने किया है, अपनी आपबीती को बताया है। अगर उसकी आवाज को दबाया जाएगा,उसे न्याय नहीं मिलेगा तो पूरे देश की महिलाएं इससे निराश होगी।

### प्रियंका गांधी मौन क्यों : शालिनी राजपूत

भाजपा की प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने कहा, कांग्रेस में लगातार महिलाओं का उत्पीड़न होता रहा है। जब-जब महिलाओं ने अपने हक की आवाज कांग्रेस ने उठाई है उनकी आवाज दबाने का प्रयास हुआ है, उन्हें अपमानित किया गया है। राधिका खेड़ा के साथ हुआ बर्ताव पूरी कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़े कर रहा है। लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लगाने वाली प्रियंका गांधी इस विषय पर मौन क्यों हैं।

### निर्वाचन सीईओ कंगाले से प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से सोमवार को राज्य के 2023 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती कंगाले ने भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों अनुपमा आनंद, एम. भार्गव, तन्मय खन्ना एवं दुर्गा प्रसाद अधिकारी को विस्तार से निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। श्रीमती कंगाले ने उन्हें बताया कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन आवश्यक है और चूंकि प्रशासनिक अधिकारियों को निर्वाचन संपन्न कराने का दायित्व मिलता है, अतएव इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने निर्वाचन के नियमों का समुचित ज्ञान, सजगता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन प्रक्रियाओं के पालन में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतते हुए सजग होकर कार्य करने से निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होता है।